

# गोताखोरों ने निकाला शिप्रा में छलांग लगाने वाले युवक का शव

## दोस्त से मिलने की बात कही थी और रुका था जंतर-मंतर के पास

▸ चिंतामण ब्रिज से बुधवार दोपहर युवक कूद गया था शिप्रा नदी में

**उज्जैन।** चिंतामण ब्रिज से बुधवार दोपहर युवक ने शिप्रा नदी में छलांग लगा दी थी। पुलिस ने डेढ़ घंटे में शव खोज निकाला था। देर शाम पहचान होने पर सामने आया कि युवक बहन के साथ उज्जैन आया था।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि चिंतामण ब्रिज से एक युवक के शिप्रा नदी में कूदने की जानकारी सामने आने के बाद गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कराई गई थी। डेढ़ घंटे की तलाश के बाद उसकी शव बाहर निकाल लिया गया था। देर शाम इंगोरिया के समीप सुवासा का रहने वाला पाटीदार परिवार नीलगंगा थाने पहुंचा और अंकित पिता विनोद पाटीदार 22 साल के लापता होने की बात कही। पुलिस ने शिप्रा में कूदने वाले मृतक युवक का फोटो दिखाई तो परिवार ने पहचान कर ली। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि अंकित अपनी बहन ज्योति के साथ उज्जैन आया था। बहन अपना उपचार करने के लिए निजी अस्पताल आई थी। अंकित ने अपने दोस्त से मिलने की बात कही थी और जंतर मंतर के समीप रुक गया था। बहन अस्पताल चली गई थी लेकिन अंकित देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई और इंगोरिया पुलिस को सूचना दी गई जहां पता चला कि एक युवक की बॉडी पुलिस को नदी से मिली है। परिजनों का कहना था कि कुछ साल पहले अंकित दुर्घटना में घायल हो गया था उसके पैर में रॉड डली थी। उसके बाद से ही मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंपा है।

### होटल कर्मचारी की करंट से मौत

**उज्जैन।** होटल में काम करने वाले कर्मचारी को रात में करंट लगा, उपचार के लिए उसे चरक अस्पताल लाया गया 2 घंटे चले उपचार के बाद कर्मचारी की मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि रात 12 बजे के लगभग चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि माधव क्लब मार्ग समतारा होटल में काम करने वाले गोपाल पिता रामजी निवासी उदयपुर को करंट लगने से बेहोशी हालत में कुछ लोग अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची लेकिन बेहोशी की हालत में होने पर पूछताछ नहीं हो पाई तभी रात 2 बजे खबर मिली कि गोपाल की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार परिजनों को सूचना दी गई है गोपाल कुछ सालों से होटल में काम कर रहा था उसे करंट कैसे लगा इसकी जांच की जा रही है परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### ढाबला गौरी में सड़क हादसे में युवक की मौत

घट्टिया। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला गौरी के समीप एक कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कलेसर निवासी विजय चावड़ा उम्र 21 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही घट्टिया थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक को शासकीय अस्पताल घट्टिया लाया गया। जहां प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय उज्जैन भिजवाया। उज्जैन में पोस्टमार्टम होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

# पेपरलेस कार्रवाई की ओर बढ़ता उज्जैन नगर निगम




▸ अधिकारियों और कंप्यूटर ऑपरेटर को ई ऑफिस कार्रवाई का दिया प्रशिक्षण

**उज्जैन।** शासन निर्देशानुसार समस्त नगर निगम में ई ऑफिस प्रणाली पर कार्रवाई संपादित की जाना है। जिसके क्रम में उज्जैन नगर निगम द्वारा पेपरलेस कार्रवाई की ओर बढ़ते हुए ई ऑफिस प्रणाली पर कार्य संपादित किया जा रहा है। गुरुवार को नगर निगम उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल की उपस्थिति में समस्त विभागों के अधिकारियों, स्टाफ एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को ई ऑफिस प्रणाली पर कार्य करने हेतु कार्यशाला का आयोजन करते हुए तकनीकी जानकारी दी गई।

बैठक में बताया कि विभागीय फाइलों को ई ऑफिस प्रणाली में लिया जाना है जिसके लिए अधिकारियों की शासकीय आईडी बनाई जाकर फाइलों, नोटशीट, पत्र एवं प्रकरण को ई ऑफिस के माध्यम से संबंधितों को भेजा जाना है। इसके लिए 103 आईडी बनाई गई है। जिसमें ट्रेनिंग में सभी को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में रविकांत मगरदे, राघवेंद्र सिंह पालिया, घनश्याम मचार, प्रवीण मुकाती, पवन कुमार फुलफकीर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### आयुर्वेद से घर बैठे बीमारियों का इलाज संभव

**उज्जैन।** आयुर्वेद एक ऐसा विज्ञान है जिसके माध्यम से हम रसोई में उपलब्ध सामग्री से ही कई सामान्य बीमारियों और यहां तक कि असाध्य रोगों का भी इलाज कर सकते हैं। जज्बा समर कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए यह बात प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य पं. पूरन दास बैरागी ने कही। उन्होंने बच्चों को अलग-अलग मौसम के अनुसार दवाइयां लेने के तरीके भी बताए, ताकि घर पर ही आसानी से प्राथमिक उपचार किया जा सके। इसी क्रम में प्रसिद्ध यूनानी हकीम डॉ. नासिर ने भी विभिन्न विधाओं के माध्यम से तात्कालिक इलाज की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने जज्बा संस्था द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम को हाफिज शाहनवाज ने भी संबोधित किया। शहाबुद्दीन भुरू शेख और हारून नागौरी ने बताया कि इस अवसर पर अतहर आलम अंसारी, इरशाद नागौरी, शादाब लाला, जहीर शेख और आमिर कुरैशी उपस्थित थे। संचालन सादिक खान ने किया।




### राष्ट्रीय नृत्योत्सव में वैदेही पंड्या बनीं विजेता

**उज्जैन।** दिल्ली के ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में एमउएम फाउंडेशन द्वारा आयोजित डांस फॉर डिग्निटी राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में होनहार नृत्यांगना वैदेही पंड्या ने शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में विजेता का खिताब अपने नाम किया है। इस भव्य राष्ट्रीय आयोजन के लिए वैदेही का चयन ऑनलाइन पूर्व चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ था। सुविख्यात नृत्यांगना इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी से गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही वैदेही ने बाल्यकाल से ही देश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर एकल प्रस्तुतियां दी हैं। छोटी सी उम्र में ही नृत्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और लगन के चलते भारत सरकार द्वारा उन्हें कथक नृत्य में सीसीआरटी छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की कला को परखने के लिए निर्णायक के रूप में विख्यात कथक नर्तक और डीआईडी फेम पीयूष चौहान, डीआईडी फेम कौशल प्रधान तथा कमलेश चौहान उपस्थित रहे। इस उपलब्धि से शहर के कला जगत में हर्ष का माहौल है।

### उज्जैन में आज मनेगा बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव

**उज्जैन।** भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान और महापरिनिर्वाण के पावन अवसर पर आज 1 मई शुक्रवार को शहर में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भारतीय बौद्ध महासभा एवं प्रबुद्ध महिला संगठन उज्जैन के तत्वावधान में अशोक बुद्ध विहार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मनोज नागदेवे के अनुसार महोत्सव के तहत सुबह 7.30 बजे अशोक बुद्ध विहार से विश्व शांति धम्मदीप महारैली निकाली जाएगी। यह महारैली मक्सी रोड, गणेशपुरा, गोपालपुरा, लक्ष्मीनगर, सेठीनगर चौराहा, सांदीपनी चौराहा और शहीद पार्क होते हुए टॉवर चौक पहुंचेगी। यहां फ्रीगंज स्थित संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पंचशील और त्रिशरण वंदना की जाएगी। इसी दिन प्रातः 11 बजे से अशोक बुद्ध विहार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। वहीं शाम 7 बजे से अतिथि उद्बोधन, सम्मान समारोह और मैत्री भोज का आयोजन रखा गया है। अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के आरआर जवादे करेंगे। आयोजन को सफल बनाने में कल्पना कुंभारे, शशिकांत देशभ्रतार, चित्रलेखा मानवटकर, रवि धारकर व विजय गोलघाटे, महासचिव पंकज भागवत काम्बले, संतोष लोखंडे व संगीता टेम्भूर्णे, धर्मेन्द्र सोलंकी सहित सभी पदाधिकारी जुटे हुए हैं। आयोजकों ने सभी से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### नृसिंह जयंती पर उज्जैन से गूंजा महानाद

**उज्जैन।** नृसिंह जयंती के अवसर पर उज्जैन से 11वें अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व शांति और वैश्विक एकता के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों ने ऑनलाइन हिस्सा लिया। आयोजन में भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 11 मिनट 11 सेकंड पर सभी प्रतिभागियों ने एक साथ 11 बार का सामूहिक उच्चारण किया, जिससे वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, आत्म-उपचार और सकारात्मकता का प्रसार करना था। इसके साथ ही स्थायी युद्धविराम, देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ाने और समाज में सद्भाव एवं एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. स्वामी नारदानंद ने ओंकार नाथ और शक्ति पात विद्या के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. पीएन मिश्रा ने साउंड एनर्जी और ओंकार के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक प्रभावों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन विजय कौशिक ने किया और अंत में स्वामी प्रणवानंद ने सभी प्रतिभागियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### नारद जयंती पर मेरा जीवन मेरे अनुभव 3 मई को

**नीमच।** शहर की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति द्वारा 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस एवं नारद जयंती के अवसर पर मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृति अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, सचिव रघुनंदन पाराशर व प्रचार सचिव एडवोकेट कृष्णा शर्मा ने बताया कि मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम 3 मई रविवार की रात 8 बजे एलआईसी रोड स्थित शिक्षक सहकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में पत्रिका के ब्यूरोचीफ मुकेश सहारिया और पत्रकार कपिलसिंह चौहान अपने पत्रकारीय जीवन के अनुभव साझा करेंगे। कृति परिवार के सदस्यों ने शहर के नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहभागी बनने की अपील की है।

# ताउम्र जेल की सलाखों में रहेगा हत्यारा पति

**उज्जैन। किराए के मकान में पत्नी का गला घोटकर हत्या करने वाले पति दिनेश को ताउम्र जेल में रहने की सजा अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई है आरोपी को 5000 के अर्थदण्ड से दण्डित भी किया गया।**

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतक लीला के पुत्र हर्षित सिंह ने बताया कि पुलिस को बताया था कि मैं राज रायल कालोनी में रहता हूं। मेरे पापा दिनेश ने दो शादी की है। पहली पत्नी का नाम रेखा चैहान है जो राजीव नगर में रहती है व मेरी मम्मी लीला से दूसरी शादी करीबन 13-14 साल पहले की थी। मेरी मम्मी लीला ने भी दिनेश से दूसरी शादी की थी। मेरे वास्तविक पिता का नाम दिलीप सिंह बघेल है। दस्तावेजों में प्रारंभ से ही मेरे पिता का नाम दिनेश लिखा हुआ है।


मेरे पापा दिनेश ने एक किराये का मकान वीरनगर में लिया है जिस पर बाजार से थोक में कपड़े लाकर कपड़े कटिंग का काम करते हैं। मेरी मम्मी लीला घर पर सिलाई का काम करती थी मेरी मम्मी लीला और मेरे पिता दिनेश दोनों के बीच अक्सर पापा की पहली पत्नी रेखा से अलग होकर हमारे साथ रहने को लेकर झगड़ा होता रहता था। पूर्व में भी एक बार इसी बात को लेकर पापा दिनेश चौहान ने मेरी मम्मी लीला चौहान को ईंट से मारा था। लड़ाई झगड़ा होने के बाद दोनों नई टीव्हीएस एक्सेल मोपेट गाड़ी से रामघाट घूमने का कहकर घर से निकले थे। इसके बाद मेरे पापा ने रात करीबन 8 से 9 बजे के बीचे पापा ने मोबाइल नंबर 7470678998 से फोन आया लेकिन मेरी उनसे स्पष्ट बात नहीं हो सकी। फिर करीबन 11:30 बजे दोबारा मेरे पापा का फोन आया और बताया कि मैंने तुम्हारी मम्मी लीला को वीरनगर वाले किराये के मकान में गला घोंटकर मार दिया है। इसके बाद मैं किराये के मकान पर पहुंचा जहां खिडकी के पास रखी चाबी से घर का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो मम्मी लीला की लाश घर के अंदर वाले कमरे में पड़ी हुई थी।

लाश देख मैं घबराहट में बाहर आया और वीरनगर कालोनी के सिक्योरिटी गार्ड मधुसूदन को बुलाया। 100 नंबर पर भी फोन कर दिया। पुलिस आ गई और सी.एच उज्जैन लेकर गये। जहां पर डाक्टर ने मम्मी लीला को मृत घोषित कर दिया। मम्मी की लाश को सी.एच उज्जैन के मर्चुरी रूम में रखने के बाद ममता जैन, किशोर जैन व वैभव के साथ थाने रिपोर्ट करने आया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा थाना प्रभारी को अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन हेतु मागदर्शन प्रदान किया। पैरवी नितेष कृष्णन विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

## ग्लूकोस-डी का वितरण करेंगे शनिवार को

**उज्जैन।** दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन की मंशा के अनुसार शनिवार को समाज की संस्था टीकेएम द्वारा फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास ग्लूकोस-डी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर संस्था द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। संस्था के बुरहानुद्दीन लश्करवाला ने बताया कि सैयदना की मंशा है कि भीषण गर्मी में किसी भी व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित न हो। इसी उद्देश्य से गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए ग्लूकोस-डी का वितरण किया जाएगा। यह सेवा कार्यक्रम 2 मई, शनिवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं समाजजन उपस्थित रहकर सेवा कार्य में सहयोग करेंगे।

## एमआईटी में अजंता फॉर्मा का कैंपस ड्राइव




**उज्जैन।** एमआईटी समूह, उज्जैन मध्य भारत का एक अग्रणी शैक्षणिक समूह है और इंजीनियरिंग, फार्मेसी, प्रबंधन एवं अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। इसी समूह के फार्मेसी महाविद्यालय, महाकाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल स्टडीज उज्जैन के सभागार में अजंता फार्मा लिमिटेड के लिए एक सफल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया।

कैंपस ड्राइव में कुल 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एमआईटी समूह, उज्जैन के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक अनुराग भदानिया ने कंपनी का परिचय दिया। कंपनी की ओर से प्रोडक्शन हेड विमल नागर ने विद्यार्थियों की योग्यता को तीन चरणों में परखा। एमआईटी ग्रुप के सचिव आदित्य वशिष्ठ ने इस कैंपस इंटरव्यू के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया। एमआईपीएस के निदेशक डॉ. विकास जैन ने बताया हमारे विद्यार्थियों ने टेक्निकल राउंड और व्यक्तिगत साक्षात्कार में अजंता फार्मा के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित किया। महाकाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल स्टडीज, उज्जैन के टीपीओ डॉ. सौरभ शर्मा के अनुसार इस कैंपस इंटरव्यू ड्राइव का परिणाम कंपनी कुछ ही दिनों में महाविद्यालय के साथ साझा करेगी।

# गाय छुड़वाने आया था बाइक छोड़ भागना पड़ा, आवारा पशु मुक्त अभियान में सख्ती

▸ बाधा डालने वाले पशु पालक को खदेड़े, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा का एक्शन मोड

**उज्जैन।** शहर में गुरुवार को एक अजीब वाकया देखने को मिला जनता यह दृश्य देखकर अचंभित भी हो गई और नगर निगम की कार्रवाई देखकर लोग खुश हुए, दरअसल नगर निगम पशु मुक्त अभियान चला रहा है। ऐसे में आवारा पशुओं के आगे पीछे कुछ पशुपालक अपनी बाइक से टोह लेते हुए दिखाई दे रहे थे। मौका पाकर पशुओं को या तो भगा देते हैं या अपने साथ लेकर चले जाते हैं। ऐसे में नगर निगम की कार्रवाई बाधित होती है। गुरुवार को जब नगर निगम की पशु पकड़ने वाली गैंग शहर में उतरी तो एक बाइक सवार भी साथ-साथ चल रहा था। निगम आयुक्त के संज्ञान में जैसे ही यह मामला पहुंचा तो कर्मचारियों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की ऐसे में पशुपालक को अपनी बाइक छोड़कर भागना पड़ा।

शहर को आवारा पशु मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने अब सख्त रुख अपना लिया है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में अब उन पशु पालकों पर भी कार्रवाई की जा रही है, जो लंबे समय से इस मुहिम में बाधा बन रहे थे।

निगम आयुक्त के नेतृत्व में निगम का अमला और पशु पकड़ने वाली गैंग सड़कों पर उतरी। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कुछ पशु पालक, गायों को पकड़ने आई टीम के आगे-पीछे दोपहिया वाहनों से चलते हुए जानवरों को भगा देते थे, जिससे कार्रवाई प्रभावित होती थी। सड़कों पर हुई कार्रवाई का दृश्य देखकर लोगों ने राहत महसूस की। लंबे समय से आवारा पशुओं से परेशान नागरिकों को अब उम्मीद जगी है कि शहर जल्द ही इस समस्या से मुक्त हो सकेगा। नगर निगम का यह अभियान लगातार जारी है और आने वाले दिनों में और तेज कार्रवाई देखने को मिल सकती है।



### पशु पालक को खदेड़ा, आवारा पशु मुक्त शहर

वार्ड क्रमांक 45 में निरीक्षण के दौरान ऐसे ही एक मामले में सख्ती दिखाई गई। कार्रवाई के समय बाधा डालने वाले पशु पालक को खदेड़ा गया और उसकी बिना नंबर की दोपहिया वाहन को जब्त कर लिया गया। स्थिति बिगड़ती देख संबंधित व्यक्ति बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्पष्ट कहा है कि आवारा पशु आम जनता के लिए खतरा बनते जा रहे हैं और सड़क दुर्घटनाओं सहित कई समस्याओं का कारण हैं। ऐसे में शहर को आवारा पशु मुक्त बनाना प्राथमिकता है। इस अभियान में जो बाधा डालेगा, उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# सांई पुरसनाराम के भजनों से गूंजा हॉल, सांई के दर से कोई नहीं जाता खाली हाथ...

▸ रात्रि 2 बजे तक चला भजनों का दौर, आज साध मुकेश का कार्यक्रम

**उज्जैन।** सांई पुरसनाराम के भजनों से पूरा सत्संग हॉल गूंज उठा। श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है कि जो सांई को पूजते हैं, वे निहाल हो जाते हैं और उनके दर पर खाली झोली लेकर आने वाला भक्त हमेशा झोली भरकर ही जाता है। इसी श्रद्धा भाव के साथ शहर के अब्दालपुरा स्थित ब्राह्मण गली में योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथूंगे वालों के वार्षिक मेले के अंतर्गत गुरुवार 30 अप्रैल को विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि आयोजन में विशेष तौर पर सांभर से साध भगवान दास सपरिवार, सांभर से ही साध प्रदीप, जयपुर से साध राजू और कोटा से पुष्पा नारायण दास विशेष रूप से पधारे। साध मुकेश के अनुसार गुरुवार को दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। दोपहर 1 से 3 बजे तक गीता कॉलोनी चोपड़ा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसके बाद शाम 7 से 9 बजे तक स्वामी पुरसनाराम धाम दरबार के सामने सांझा शेवा संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भजनों का आनंद लिया। रात 9 से भंडारे का आयोजन हुआ और रात 11 बजे से भजन सत्संग चलेगा, जिसमें मधुर भजनों से भक्त भावविभोर होंगे।

### संत और कलाकार बढ़ा रहे शोभा

आयोजन में गोरधन एवं दिलीप उदासी और इंदौर से साध गुरुमुखदास सहित अन्य गुणी व ज्ञानीजन शामिल होकर मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। आयोजन की व्यवस्था साध पुरसनाराम साहिब सेवा मंडल उज्जैन द्वारा की जा रही है। व्यवस्थाओं में नारायणदास, पारूमल पताशे वाले तथा जयपुर के साध मुकेश मुख्य रूप से सेवा कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। आज सुबह 6 बजे दुआओं के पल्लव की रस्म के साथ मेले का विधिवत समापन होगा और सभी को संतों का आशीर्वाद मिलेगा।

# बाइक से गिरी बुजुर्ग महिला की मौत

**उज्जैन।** रसोई बनाने के लिए हलवाई के साथ बाइक से जा रही वृद्धा अचानक गिर पड़ी। सिर में गंभीर चोट लगने पर उज्जैन लाया गया। कुछ देर बाद वृद्धा की मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि उन्हेल के ग्राम करनावद में रहने वाली 68 वर्षीय मुन्नीबाई पति कन्हैयालाल सोनी को बुधवार शाम घायल हालत में आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लाया गया था। रात में मुन्नीबाई की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया।

सामने आया कि मुन्नीबाई शादी समारोह में रसोई बनाने का काम करती थी। बुधवार को हलवाई के साथ बाइक पर सवार होकर महिदपुर जा रही थी। रास्ते में अचानक गिरने पर घायल हुई थी। पुलिस के अनुसार मामला जांच के लिए संबंधित थाना पुलिस को भेजा जाएगा। पीएम के बाद शव परिजनों सौंपा है।

**तीन साल की बालिका ने पीया डीजल**-आगर-मालवा से तीन साल की अनुष्का पिता विक्रम राठौर को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अनुष्का की हालत गंभीर थी। उपचार के दौरान रात में बालिका की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बालिका ने खेलते समय घर में प्लास्टिक की बोतल में भरकर रखा गया डीजल पी लिया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन आगर अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां से उसे उज्जैन रैफर किया गया था।

# पंजा कुश्ती में उज्जैन का दल दिखाएगा दम

▸ पंजा कुश्ती एसोसिएशन द्वारा 2 और 3 मई को भोपाल में चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा

**उज्जैन। मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के तत्वावधान में भोपाल पंजा कुश्ती एसोसिएशन द्वारा 2 और 3 मई 2026 को भोपाल में राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में उज्जैन जिले का 40 सदस्यीय दल भी अपनी चुनौती पेश करेगा।**

उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष गोपाल यादव और सचिव प्रतीक सिंह तोमर ने बताया कि यह प्रतियोगिता महिला और पुरुष दोनों वर्गों के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें सब जूनियर, जूनियर, यूथ, सीनियर, दिव्यांग और मास्टर्स श्रेणियों के मुकाबले होंगे।

चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे उज्जैन जिले के 40 सदस्यीय दल के लिए कोच की जिम्मेदारी रवि मालवीय को सौंपी गई है। वहीं, संघ के सह-सचिव जितेन्द्र सिंह कुशवाह को टीम मैनेजर का दायित्व दिया गया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उज्जैन के खिलाड़ियों को संस्था के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं। खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करने वालों में संघ के उपाध्यक्ष संदीप सिंह कुशवाह, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, देवेन्द्र सिंह कुशवाह, संतोष विश्वकर्मा और आकाश यादव सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

**महाकाल में मंत्री ...** ▸ सिंहस्थ के लिए मंदिर समिति हाइटेक करने जा रही, लाखों लड्डू बनेंगे

# महाकाल की लड्डू यूनिट में लगेंगी मशीनें, 40 करोड़ का टेंडर

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर की चिंतामन स्थित लड्डू प्रसाद यूनिट को हाइटेक करने की प्लानिंग है। यहां अब मशीनों से लड्डू बनाए जाएंगे। सिंहस्थ 2028 को देखते हुए समिति यह तैयारी कर रही है। इसके लिए 40 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं।

सिंहस्थ में करोड़ों श्रद्धालु महाकाल दर्शन कर के साथ लड्डू प्रसाद की खरीदी करेंगे। ऐसे में प्रतिदिन हजारों क्विंटल लड्डू की मांग रहेगी। इतनी अधिक मात्रा में प्रसाद तैयार करने के लिए यूनिट में मशीनों की आवश्यकता लगेगी। महाकाल का लड्डू देश-विदेश में प्रसिद्ध है। इस प्रसाद को एफएसएसएआई की 5 स्टार रेटिंग भी प्राप्त है। समिति के अधिकारियों ने बताया मंदिर में प्रतिदिन 50 क्विंटल व विशेष पर्वों पर 100 क्विंटल तक प्रसाद बिकता है।

चिंतामन स्थित यूनिट में वर्तमान में कर्मचारी हाथ से लड्डू बनाते हैं। इसके लिए 60 के आसपास कर्मचारी काम करते हैं। इस व्यवस्था में अधिकतम 50 क्विंटल लड्डू ही बन पाते हैं, जबकि मांग कई गुना ज्यादा है। इसलिए यूनिट को हाईटेक करेंगे ताकि प्रतिदिन 100 क्विंटल लड्डू तैयार किए जा सके।

### दिल्ली, गोवा व महाराष्ट्र के मंत्री पहुंचे महाकाल



गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई तड़के 4 बजे की भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने नंदीहाल में बैठकर पूरी आरती देखी और दर्शन लाभ लिया। इसके बाद सुबह 7.30 बजे की दद्योदक आरती में दिल्ली सरकार के गृहमंत्री आशीष सूद शामिल हुए। दोपहर में महाराष्ट्र सरकार के जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने भी ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए। समिति की ओर से तीनों मंत्री का स्वागत किया गया।